The other point that I wanted to make is that there is no separate cadre for Himachal Pradesh. Any officer from any part of India is dumped into Himachal Pradesh because they have no separate cadre. They have no separate High Court, they have no separate Public Service Commission The Public Service Commission in Delhi, I am told, recruits for them. How would they recruit people for Himachal Pradesh when the Public Service Commission is situated here? People in Delhi are very much advanced. They are well-informed, they go round all the offices in Delhi and they know where the vacancies occur. Now, if appointments are to be made from here, how is a man from the rural areas of Himachal Pradesh to know which vacancy occurs where? Naturally this is a great injustice to the people of Himachal Pradesh.

SHRI A D. MANI : I agree with you.

SHRI LOKANATH MISRA : I am glad that at least on this you agree with me. Therefore, it is very fair that all the advantages that go with Statehood should immediately be given to Himachal Pradesh with the Statehood itself Short of that, it would appear as if the Home Ministry is trying to retain them as its colonies without any concession being given to them in spite of the agitation by the Opposition parties and by the Ministry that is there which belongs to their own party.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI D. THENGARI) : Your time is up.

SHRI LOKANATH MISRA : Can I take one minute more? I will mention about the projects Mr Varma mentioned som thing about projects He said tha the projects have become national projects In the case of other projects, I do not know whether they have declared any project in the coun ry as a national project We have so many projects in our State of Orissa The Hirakud Dam is there, the Rourkela Steel factory is there. They are not called national projects as such Of course, they belong to the nation, naturally every project belongs to the nation But in the case of Himchal Pradesh why should not the benefits out of these projects go to the Himachal Pradesh? He says that the territory is viable now As it is, it is economically viable, but it would add to the resources of Himachal Pradesh if the benefits out of these projects which are situated in Himachal Pradesh went to Himachal Pradesh Why should the Home Ministry, which functions now only as the trustee of the Centrally administered areas, take a final decision in the matter? Who are they? A time might come tomorrow when the Ministry changes here in the Centre If my party comes to power, I will immediately give Statehood to Himachal Pradesh What would be the position then?

SHRI BHUPESH GUPTA : I hope you won't put Rajas there

SHRI LOKANATH MISRA : They have to function as trustees, but they have no final right in the matter If they, as trustees, give them to somebody else, then the implications would be serious

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI D. THENGARI) : Please wind up.

SHRI LOKANATH MISRA : Therefore, Sir, I demand, vehemently demand, that Himachal Pradesh should be given Statehood immediately. The injustice that has been done already to Himachal Pradesh is great enough. Do not perpetuate it. Thank you.

SHRI R T PARTHASARATHY (Madras) : Mr Vice-Chairman, Sir, no resolution would have given me greater pleasure to support than the one that has been moved by Mr Varma, requesting that the House may pass a resolution that the Union Territory of Himachal Pradesh should be made a State of the Indian Union and Government should take the necessary steps to bring forward suitable legislation to amend the Constitution for the purpose I support the Resolution of Mr Varma as, in my view, if there is one Union Territory in the whole country today which has a just and rightful claim to attain full-fledged Statehood, it is Himachal Pradesh, for it is economically viable, geographically strategic and politically mature

Coming as I do, Mr Vice-Chairman, from the extreme part of South India, *i e.* Tamilnad, I visualise a picture of India clearly, and the consequent political frame in which the various States are to be fitted. The basic question to-day with reference to the demand of Statehood for the Union Territories is that the condition when they were created, was that when development took place in resources as well as in administration, full Statehood should be conferred upon such Union Territories.

That was the impression that I gathered clearly as well as vividly when I went throught he proceedings of the Constituent Assembly, particularly the speeches of Mr Gopalaswamy Ayyanger as well as the great and indomitable Sardar Vallabhbhai Patel In so many words Sardar Vallabhbhai Patel said that that would be the first Union Territory that would obtain Statehood in future I would only read the concluding part of the Sardar's statement when he says that after this area is sufficiently developed, *i e* the Himachal Pradesh, in its resources and administration, it is proposed that its constitution should be similar to that of any other Province. To-day we willhave to examine whether in the various spheres, economic, political and others Himachal Pradesh could justifiably attain Statehood or not It is bigger in area than four other States, Nagaland, Haryana, Punjab and Kerala It is 22 thousand square miles in area, a very big area. Although it has a population of 3 million people, it can stand comparison with other States Mr Vice-Chairman Kerala is only 21 thousand square miles in area, Haryana is 17 thousand square miles, Punjab is 19 thousand square miles and Nagaland is only 4 thousand square miles I would very humbly submit to the Government that no case can be better than the case of Himachal Pradesh for getting into the domain of a full State I would also invite the Government's attention to the Constitution of the United States of America where there are big States as well as small States In the United States of America 11 States could be numbered which will be

smaller in extent than the proposed Himachal Pradesh. That itself can be advanced as an argument to the Government.

Sir, my friend, Mr. Varma, placed before the House many facts concerning the finance of the Union Territory of Himachal Pradesh. I would like to add only one word by way of endorsing his statement, and that is that if it is made a full-fledged State, it would considerably reduce the financial burden upon the Central Government. There will be more direct taxes which the State could levy upon the people and in return the people would get much more benefit from a directly administered popular Government, and to that extent I would say that Himachal Pradesh should be made a full-fledged State.

Sir, considering a very important and strategic position that it occupies on the northern borders, I feel that a full-fledged State of Himachal Pradesh could justifiably be created. If possible, it should be placed under a retired Army General who should act as the Governor there. I make this suggestion from the point of view of military defence, for it would always be better, in a strategic area both in the north as well as in the eastern region, to have an experienced Army General, he may be a retired Army General, performing the duties of a Governor. I would also invite your kind attention and through you the attention of hon. Members to a statement of Pandit Jawaharlal Nehru with reference to Himachal Pradesh, a statement that I happened to read in the Constituent Assembly proceedings. Pandit Jawaharlal Nehru had no objection to the creation of Himachal Pradesh as a full-fledged State but he seemed to object to the addition of too many Governors in the various States which were very small in extent and which would be unnecessarily taxing the exchequers of the States. I certainly would like every Member of this House to accept Mr. Nehru's suggestion and in that I would only recommend that small States like Himachal Pradesh like Haryana, like Punjab, could have a common Governor for two States. If only the Government could accept this proposition, that would considerably lessen the paraphernalia of the Raj Bhavan and the consequent expenditure involved in it.

Sir, I would like to add a word more. I do not know how the hon. Members of this House would react, but I consider this to be a very important suggestion, coming as I do from the South and speaking about the extreme north. Sir, with regard to the constitution of the State of Himachal Pradesh, I would very respectfully ask the Government as to why they should not make a Vishal Himachal Pradesh by adding the State of Jammu and making it part and parcel of Himachal Pradesh. I throw the suggestion and I would very much like to invite comments favourable as well as unfavourable or adverse from the hon. Members of this House. The State of Jammu and Himachal Pradesh should be united under a common banner. You may call it Vishal Himachal Pradesh or by any other name that you like. But if such a State comes into existence, I am very confident that it would not only make the northern part of India very viable in every respect but it would be the most powerful State in the northern region. That would to a very large extent ease the position and pave the way for solving the age-old Kashmir problem. I leave it there and I do not want to add anything more to that.

SHRI KRISHAN KANT: Do you refer to Jammu or Jammu and Kashmir both?

SHRI R. T. PARTHASARATHY: I said 'Jammu'. I did not say 'Kashmir'. That is very clear.

(Interruption.)

Mr. Vice-Chairman, I would like to make a reference to the general approach with regard to the constitution of States. It was very unfortunate that we followed a suicidal policy in creating, in some parts of India, States based on linguistic considerations. The creation of linguistic States has made the people in those areas attach themselves stubbornly to their language and to-day we find that linguism in all its pregnant forms has attempted to destroy nationalism. Here I would very much like to invite the attention of the hon. Members of this House to one thing. In future if any Union Territory is to be converted into a State, we should only think of the economic viability of that region rather than have any other consideration. I for one am prepared to wipe out the linguistic States from the Indian map and create more and more States based on economic viability, because our future lies not in linguistic divisions, not in regional disparities, but in I the totality of Indian nationalism and I hope that we shall be able to preserve our hard-won Swarajya for every and ever. Thank you.

श्री बालकृष्ण गुप्त (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने हिन्दुस्तान के जो पहाड़ी इलाके हैं, उनको बहुत ही अलग स्थिति में रखा है और हिमाचल प्रदेश एक ऐसी जगह

[श्री बालकृष्ण गुप्त]

है जो कि बिलकुल तिब्बत की सीमा पर है और उसके लोगो को स्वायत्त शासन उसी तरह से मिलना चाहिये जिस तरह से और दूसरे राज्यो को है । जब अमेरिका मे अलास्का जैसे वर्क से जमे हुये इलाके को स्टेट का पद दिया गया है और उसके दो सेनेटर न्यूयार्क के सेनेटर के बराबर हो कर, समकक्ष हो कर बैठते है, तो फिर यहां क्या बात है कि दो, तीन या चार तरह के स्टेट्स के दर्जे बना रखे है, कोई होम मिनिस्ट्री के नीचे है, कोई विदेश मत्रालय के नीचे है ! यह बहुत ही गलत है । हमारे वहा के रहने वाले लोगो को अपनी सरकार चलाने का पूरा हक देना चाहिये । यह जो होम मिनिस्ट्री की छोटी छोटी जागीरे बना रखी है, उनके अदर यहा दिल्ली से अफसर भेज दिये जाते है शासन चलाने के लिये । पुराने जमाने मे हिमाचल प्रदेश के बारे मे मुझे याद है कि अवध के ताल्लुकेदार नेहरू साहब के मेहरबान राजा भद्री को लेफ्टीनेन्ट गवर्नर बना कर भेज दिया गया । इस तरह से अलग अलग जगहो पर अपने मेहरबान लोगो को बिठाने के लिये यह अलग अलग बाड़े बना कर रखे है, जो पिछडे हुए क्षेत्र रहे और जहा के लोग बिना अपने स्वायत्त शासन मे रहे . . .

श्री डाह्याभाई पटेल : क्या राजा साहब भद्रो वही जो बी० आई० सी० के डायरेक्टर है, क्या वह लेफ्टीनेट गवर्नर बनाये गये ?

श्री बालकृष्ण गुप्त : वह वहा के लेफ्टीनेट गवर्नर थे बहुत दिनो तक ।

श्री डाह्याभाई पटेल : तो क्या ये उनके सबधी थे ;

श्री बालकृष्ण गुप्त : जिस तरह से दिनेश सिह है उसी तरह से । मोतीलाल नेहरू के साथ बडा सबध रहा है उन ताल्लुकेदारो का । यह राजा साहब भद्री राजपुत है, वह काश्मीरी ब्राह्मण थे । प० मोतीलाल नेहरू उनके केस लडा करते थे ।

श्री राजनारायण : उनको यह पूछना है कि दिनेश सिह मे और राजा भद्री मे क्या सबध रहा है ? मोतीलाल जो से क्या सबध रहा है ?

श्री बालकृष्ण गुप्त : लेकिन तब तक दिनेश सिह जी राजनीति पर इतने ऊपर नही आए थे । वह राजा भद्री पर बहुत मेहरबान थे । यह जो इलाका है हिमाचल प्रदेश का यह 22 हजार वर्ग मील मे है, 30 लाख इसकी आबादी है । अमरीका मे अलास्का, इडाहो, न्यू हैमरशायर, वरमौन्ट ये छोटे छोटे राज्य थे, जिनकी एक एक लाख की भी आबादी नही थी और उनको पूरे दो सीनेटर भेजने का हक है । आस्ट्रेलिया मे भी, वैस्टर्न आस्ट्रेलिया मे, सबको बराबर हक है । एक छोटा सा टापू तसमानिया है उसका भी स्टेटहुड हासिल है । हिन्दुस्तान मे यह तरह तरह के अलग अलग केन्द्र शासित राज्य बने, कही गोवा बनाना, कही मणिपुर बनाना, कही त्रिपुरा बनाना, कहीं कुछ बनाना । उनको पूरा हक नही देना . . .

श्री डाह्याभाई पटेल : काश्मीर बनाना ।

श्री बालकृष्ण गुप्त : हा, काश्मीर बनाना ! काश्मीर मे तो खैर स्पेशल हक है । यह हिमाचल प्रदेश हिन्दू एरिया है, इसलिये दुर्व्यवहार है । काश्मीर मे तो मुसलमानो को प्रतिनिधित्व देकर अपने साथ रखना है, चुनाव मे वोट लेना है, मुसलमानो को खुश करके अपने साथ लाना है । काश्मीर मे 8 रु०, 10 रु०, मन चावल मिलता है जब बगाल मे 8 रु० सेर मिलता था । काश्मीर तो एक अपने मे अलग जागीर बना दी है । उसमे तो सभी प्रकार के लोग खेलते है, कम्यूनिस्ट भी खेलते है, सादिक साहब खेलते है, कई लोग खेलते है, कई ने करोड़ों रुपये इकट्ठा कर लिये है, कई ने एजेन्सियां ले रखी है, कई ने कुछ कर रखा है । उसका तो जब किस्सा आयेगा और वह बहुत जल्द आने वाला है, पार्लियामेन्ट मे आए या न आए, लेकिन हिन्दुस्तान के रगमच मे काश्मीर को वह राज आने वाला है । इसी तरह से सिक्किम का हाल है । सिक्किम मे जो एक लाख की रियासत थी, उसमे वहा के राजा को करोड़पति बना दिया है ।

श्री डाह्याभाई पटेल : अभी रशिया जा रहा है ।

श्री बालकृष्ण गुप्त : वह रशिया भी जायेगा । रशिया तो अब अमेरिका के बराबर जा रहा है, रशिया भी पावर पोलिटिक्स खेलने लगा है, रूस सब राजाओ को मानता है, सब राजाओ से सधि करता है, अयूब साहब मे सधि करता है, सब जगह सधि कर रहा है । पुराने जमाने में उसने रिवनट्राव मोलोटोव पैक्ट भी किया, तब दूसरे महायुद्ध की शुरूवात हुई थी । तो रूस कोई मामूली देश नही है । रूस नम्बर दो की ताकत है । वह भी इधर उधर खेल रहा है, वह भी अपना खेल करेगा ।

इन पहाड़ी इलाकों के बारे मे डा० राम मनोहर लोहिया ने कई बार चेतावनी दी । हिमालय के इन पहाडों के बारे में कई दफा अपनी बात दोहराई थी । अब उन इलाको में जब तक विद्रोह हो रहे है । कल ही शिलोग में रास्ते के सारे तार काट दिये गये है और असम की राजधानी की संचार व्यवस्था बिलकुल भंग हो गई है, यानी वहां से न तार आ सकते है, न टेलीफोन हो सकता है । मुझे मेरे दोस्त श्री बरवोरा ने जो असम से चल कर आये है, कल ही कहा था कि जयन्ती मे भी एक्स्ट्रीमिस्टस उठ रहे है । मीजो मे उठ गये, नागालैण्ड मे उठ गये, यहा हिमाचल प्रदेश के लोग दख्वास्त करेगे और हाउस में स्पीच देगे, उससे काग्रेस सरकार उनको अधिकार नही देने वाली है । उसको भी एक्सट्रीमिस्ट पैदा करने चाहिये । जब तिब्बत की सीमा पर कुछ होता है तो यह फौज भी भेजेंगे, ट्रूस भी करेगे, संधि भी करेगे और यहा आकर कोई दख्वास्त करेगा और हम पार्लियामेट के मेम्बर भाषण करेंगे, तो हम लोगों की बात को कोई सुनता नही है ? आस्ट्रेलिया यह चले जायेगे, व्हाइट आस्ट्रेलिया की बात नही करेंगे कि कोई काला आदमी वहा जाकर क्या करेगा । काले आदमी से क्या कोई बात करेगा, घुसने ही नही देते, हम लोगों को बसने ही नही देते । छोड़ो यह सब सास्कृतिक यात्राएं, सद्भावना की यात्राएं । इन सद्भावना की यात्राओं से बनता क्या है । इन सद्भावनाओं से हिन्दुस्तान को कौन सी तरजीह मिली है ? कहा जाता है कि जगह जगह हिन्दुस्तानियों का स्वागत हो रहा है । हम लोग तो पीकिंग मे भी सद्भावना यात्रा करने गये थे । आज अकसाई चिन मे सड़क बन गई, कल को हिमाचल प्रदेश मे बन सकती है । हमने सुना है हिमाचल प्रदेश मे जो 200 बीघा की जमीन थी, वहां पर जो पोंग डाम बन रहा है, वहां भारत सरकार के अफसरों ने उसके ऐवज में 3000 बीघे का मुआवजा दिया है । इस तरह से हिमाचल प्रदेश के लोग दबे हुए है, उनको बच्चों की तरह से पालने मे बंद करके रखा जा रहा है । मै तो कहूंगा इस तरह की शासन व्यवस्था का अंत होना चाहिये, रिवाल्यूशन होना चाहिये । आज अगर डा० राम मनोहर लोहिया के चौखम्भिया राज्य वाले सिद्धात का पालन किया जाता, तो न मीजो की समस्या होती, न मीजीओं का विद्रोह हुआ होता, न नागा लोगों का विद्रोह हुआ होता और न खासी और जयंतिया का विद्रोह हुआ होता और न हिमाचल प्रदेश को जो आज तकलीफ हो रही है वह होती । सब जगह होम मिनिस्ट्री के मालिक और इनके मेहरबान आफिसर, उनके मेहरबान ताल्लुकेदार ने लूट मचा रखी है और उन बेचारे पहाड़ी भाइयो का यहां रिपब्लिक डे मे सास्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर नाचने गाने के लिये बुला कर लोगों के सामने अनूठा दृश्य उत्पन्न करके यह कह दिया जाता है कि उनको हम आदर दे रहे है । इससे न उनका सास्कृतिक विकास होता है, न आर्थिक विकास होता है, न राजनैतिक विकास होता है । यह तो वैसा हुआ जैसे अंग्रेजों के जमाने मे जरायम पेशा जातियों की हमेशा पुलिस मे हाज़री होती रहती थी, इस तरह के तो यह राज्य बना रखें है और उनमे यहा के आफिसर काम करते है, जिनको यहा की मिनिस्ट्रियों की मेहरबानी हासिल होती है । मैने देखा रुस्तम जी ने सिक्किम में क्या क्या किया । भूटान में क्या कर रहे है । भूटान में 30 लाख की स्कीम बनी है, लेकिन सारे भूटान में हिन्दुस्तान को बरबाद करने के लिये तरह तरह की बातें हो रही है । मैं

[श्री बालकृष्ण गुप्त]

गंगटोक डा० राम मनोहर लोहिया के साथ कई दफा गया हूं, भूटान में हम लोगों को घुसने नहीं दिया, वहां भूटान के राजा का जो विरोध करते हैं, उनको बोरों में बंद करके नदी में फेंका जाता है । तो वह भूटान वाले चीन की तरफ नहीं जायेंगे तो करेंगे क्या । आप इस तरह राजाओं को रखेंगे या सेन्ट्रल गवर्नमेंट के नौकरशाही अफसर को रखेंगे, जो राजाओं के साथ बैठ कर शराब पीते हैं और बदमाशी करते हैं तो क्या नतीजा होगा. . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI D. THENGARI) : You must wind up. Mr. Momin.

श्री जी० एच० वली मोहम्मद मोमीन (गुजरात) : हिमाचल प्रदेश की असेम्ब्ली में जिन जज़बात का इज़हार किया गया अब वक्त आ गया है कि हिमाचल प्रदेश को स्टेटहुड दे देनी चाहिये । उस जजबात से मुझे पूरी हमदर्दी है । मुझे अफसोस है कि पेश्तर के मुक़र्ररों में हिमाचल प्रदेश के सवाल के साथ एक दोस्त ने कह दिया कि जम्मू और हिमाचल प्रदेश को एक करके हिमाचल प्रदेश बनाना चाहिये, जो कि एक अजीब बयान है ।

हिमाचल प्रदेश उस वक्त वजूद में आया जब हिन्दुस्तान के आजाद हो जाने के बाद सवाल यह था कि रियासतें, चाहे वह हिल स्टेट्स हों, कहां जायें । उस वक्त भी यह पता लगता है कि उस वक्त के मुदब्बिरान ने, स्टेट्समेन ने, हिन्दुस्तान को जब 'सी' स्टेट का दर्जा दिया उस वक्त उनका भी यह खयाल था कि कच्छ को जो उस वक्त 'सी' स्टेट का दर्जा दिया गया वह कायम रहने का नहीं था, विन्ध्य प्रदेश को भी जो 'सी' स्टेट का दर्जा दिया गया, उसके लिये भी उनका ख़याल था कि एक न एक रोज़ उसको किसी एक सूबे से मिलना पड़ेगा । इसी तरह से अजमेर और भोपाल थे । लेकिन हिमाचल प्रदेश की यह खसूसियत थी कि उसको एक न एक रोज़ इस तरह से आगे बढ़ाना है कि उसको स्टेटहुड का दर्जा मिल जाय । हिमाचल प्रदेश के लोग वैसे नहीं हैं जैसे और प्रदेशों के हैं । मसलन पंजाब में एक बड़ा तूफान उठा और पंजाब की तक्सीम हुई । मुझे हिमाचल प्रदेश के लोगों को थोड़ा सा मौका देखने का मिला है । उसके एम० पीज० जो यहां हैं वे मेरे दोस्त हैं । इसलिये मैं बहुत कुछ उनकी नेचर से जान सकता हूं कि वे बहुत सीधे सादे, भोले भाले और ट्रस्टिंग टाइप के लोग हैं और वह अच्छी बात है ।

हिमाचल प्रदेश को स्टेटहुड का दर्जा देने के लिये यह बैयन सबूत है, दलील है कि उसको चीफ कमिश्नर के नीचे न रखते हुये एक लिमिटेड फर्म में, कुल ग्रोन स्टेटहुड नहीं, लेकिन लिमिटेड स्टेटहुड दिया गया । इसीलिय वहां भी एक असेम्बली कायम की गई, वहां भी एक चीफ मिनिस्टर है, ले० गवर्नर भी है । ले० गवर्नर की जगह अगर गवर्नर हो तो मैं नहीं समझता कि उसमें पैसों का बहुत ज्यादा खर्चा होने वाला है ।

कल तक शिमला के अन्दर पंजाब की गवर्नमेंट रहती थी और शिमला के बड़े बड़े पुराने हाउसेज़ उनकी खिदमत में हो सकते थे । इसलिये सवाल तो इतना है कि खास कर के जो कांगड़ा ज़िला पंजाब की तक्सीम के बाद हिमाचल प्रदेश को दिया गया, वह क्या एक सूरत में एडीशनल बर्डेन नहीं है। उसमें जो रहने वाले लोग हैं, उनकी अमेनिटीज़ को आगे बढ़ाने के लिये हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारी बढ़ती है और ऐसे वक्त में जब कि हिमाचल प्रदेश बीस साल का अच्छा अनुभव कर सका है, वहां जहां तक मैं समझता हूं पहले से अभी तक डा० परमार चीफ मिनिस्टर रहे हैं, वे एक काबिल शख्स हैं और उनके ज़माने में न सेंटर को, न किसी को शिकायत कभी दी गई है । वहां कांग्रेस की गवर्नमेंट भी अभी तक है और जो कुछ होना है, मैं तो उम्मीद रखता हूं कि कांग्रेस गवर्नमेंट ही वहां रहेगी ।

अब सवाल यह है कि आया हिमाचल प्रदेश के लोगों ने, वहां के एम०एल०एज़० ने इतना काफी तर्जुबा कर लिया है कि नहीं कि जैसे एक माइनर अपने गार्जियन है कहता है कि 16 वर्ष तक तुम्हारी गार्जियनशिप कबूल की,

मुझे कोई झगड़ा नहीं है, लेकिन अब मैं 19 वर्ष का हो गया तो अब तो मेहरबानी करके अपनी गार्जियनशिप उठा लो । मैं समझता हूं कि हिमाचल प्रदेश की मेजारिटी एज 19 वर्ष से निकल कर 24 वर्ष से भी निकल गई है और अभी भी सेंट्रल गवर्नमेंट कहती है कि हम तुम्हारे गार्जियन रहना चाहते हैं । ऐसा क्यों मान लिया जाय जब तक कि गवर्नमेंट कोई जोरदार दलीलें न दे कि वह क्यों गार्जियन रहना चाहती है, उसको क्या शक व शुबहात है । यू अखराजात तो सेंट्रल गवर्नमेंट हिमाचल प्रदेश को देती है, उसके डेवलपमेंट प्लान्स के लिये देती है । भाखरा डैम के लिये ज़मीनें हिमाचल प्रदेश ने बड़ी खुशी से देश की खातिर दे दी । कुछ महीने पहले हमने सुना था कि जब हिमाचल प्रदेश के लिये एलेक्ट्रिसिटी का सवाल आया, तो पंजाब गवर्नमेंट ने हिमाचल प्रदेश को फैसिलिटी देने से इनकार कर दिया । जब किसी की ज़मीनें लेनी हों तो उस वक्त नेशनलिज्म की बात हो, देश की बात हो और जब वही प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी लेने आये तो फिर प्रदेश की बात होने लगी । मैं समझता हूं कि छोटी स्टेटों में अगर कोई मासूम स्टेट मेरी नज़र में अभी तक है तो वह हिमाचल प्रदेश है और उस गरीब प्रदेश से यह कह दिया गया कि इलेक्ट्रिसिटी तुम्हें नही मिलेगी । उसकी ज़मीनें गईं, उसके गांव गये, लेकिन उसको इलेक्ट्रिसिटी नहीं मिलेगी । यही तो हमारे गुजरात और मध्य प्रदेश में आब्जेक्शन लिया जाता है कि भाई, यहां से पानी तो होगा देश के लिये लेकिन ये जो गांव के गाव वह जायेंगे इसकी कौन ज़िम्मेदारी ले । गरीब हिमाचल प्रदेश ने ऐसी तकरार नहीं उठाई । हिमाचल प्रदेश में चाहे वह ले० गवर्नर हो, कोई हो, अब उनके स्टाक को जो कांगड़ा से निकल कर के आया है शिमला में रहना पड़ता है और उस पर खर्चा करना पड़ता है । चूंकि वह एक यूनियन टेरिटरी है, इसलिये हर बात में उनको यहां आना पड़ता है और वहां के लोग कहते हैं कि परमार साहब फ्लैग लगा कर के मोटर में निकलते हैं, जो कुछ हो यह चीफ मिनिस्टर किस काम के है । चीफ मिनिस्टर की भी एक प्रेस्टिज, एक इमेज होती है और उसमें घाटा पड़ता है । अवाम जब पूरी तरक्की कर चुकी हो और जब हिमाचल प्रदेश इस चीज़ को बतला सकता हो कि हमारा फारेस्ट एरिया इतना अच्छा है, हम उसमें से आमदनी कर सकते हैं, हिमाचल प्रदेश जब शुरू हुआ था तब शायद उसकी चन्द लाख आमदनी थी लेकिन आज उसकी आमदनी उससे आगे बढ़ कर 14 करोड़ तक पहुंच गई है और उसके इन्कम और एक्सपेंडीचर का जो ड्राफ्ट हमारे सामने दिया गया है और जो पासिबिलिटी और टैक्स लगाने की है उसके सबब से हिमाचल प्रदेश अपना केस पेश कर सकता है कि हम सेल्फमफिशियन्ट हैं, हम अपना कारोबार संभाल सकते हैं, इस लिये गवर्नमेंट को पूरी हमदर्दी के साथ इसके ऊपर गौर करना चाहिये । जब कि हिमाचल प्रदेश के लोग इस माग के पीछे कोई एजीटेशनल ऐप्रोच नही करते हैं तब गवर्नमेंट की जिम्मेदारी और ज्यादा हो जाती है कि वह उसपर काफी हमदर्दी के साथ गौर करे । आज होता क्या है कि आदमी अच्छा रास्ता रखे तो गवर्नमेंट यह कहती है कि यह गड़बड़ नहीं करेगा तूफान पर नही चढ़ेगा, चार छः महीने बाद इसपर गौर किया जयेगा । अगर कोई तूफान पर चढ़ जाय तो गवर्नमेंट कहती है कि उसके लिये कुछ न कुछ करना पड़ेगा । यही वजह है कि आज गवर्नमेंट वहां अपनी गार्जियनशिप कायम रखना चाहती है ।

आज एक भाई ने काश्मीर और जम्मू के लिये कहा कि चूंकि वहां मुसलमानों की मेजारिटी है, मुसलमानों के वोट लेने है इस लिये गवर्नमेंट के लोग वहां जाते है । मैं आपसे पूछता हूं कि अगर जन संघ को कोई कमेटी करनी होती है या गवर्नमेंट को कोई कमेटी करनी होती है तो शिमला जाते हैं या काश्मीर जाते हैं इस लिये कि वहां की हवा में ठंडक है और तुम्हारे दिमाग को कूल करने के लिये शिमला की हवा चाहिये, काश्मीर की हवा चाहिये । लेकिन जब उनका सवाल आया तो धीमे से एक जैसे इशारा कर दिया गया कि जम्मू को ले कर

[श्री जी० एच० वली मोहम्मद मोमीन]

उसमें डाल दो । पहले भी कर्ण सिह जी जो आज सिविल एविएशन मिनिस्टर है ऐसी बात कह रहे थे । एक को दूसरे से मिलाने से काम नहीं चलेगा । तो हिमाचल प्रदेश का बहुत ही साफ केस है और हम गवर्नमेंट से सुनना चाहते है कि उसके पास क्या जोरदार दलील है यह कहने के लिये कि हम हिमाचल प्रदेश को स्टेटहुड क्यो नही देते ।

हिमाचल प्रदेश को मनीपुर और त्रिपुरा से नही कम्पेयर किया जा सकता इस लिये कि वे बहुत ही छोटी स्टेट हैं । मनीपुर और त्रिपुरा का जब फार्मेशन हुआ तो उनको युनियन टेरिटरी मे रखा गया या सी स्टेट या जो कहिये वह दर्जा दिया गया । लेकिन हिमाचल प्रदेश के लिये यह पासिबिलिटी रखी गई थी कि यह स्टेट ऐसी है जो आगे जा कर कुल स्टेटहुड का दर्जा पा सकती है । जब इतनी मुखल्लिसाना माग हिमाचल प्रदेश की असेम्बली ने की, उसके तमाम सेक्शन ने की और जब हिमाचल प्रदेश इस चीज़ को कह सकता है कि अखराजाह के, टैक्स लगाने के हम को फूल पावर्स हों तब हम हिमाचल प्रदेश से यह कहे कि क्या है, तुम को स्टेटहुड नही दे सकते यह तो वही बात हुई जो अंग्रेज लोग इससे पहले कहते थे कि अभी तुम इसके लायक नही हो । जब हिमाचल के लोग अपना केस इस तरह से पेश कर सकते है तो कम अज कम इस हाउस मे इतनी चीज तो हो कि इसकी इनक्वायरी हो, इसके फाइनेशियल इम्प्लीकेशन को देखा जाय कि आया स्टेटहुड हिमाचल प्रदेश को देगे तो वह अपने पैरों पर खड़ा रह सकेगा या नही । वरना क्या होता है कि ले० गवर्नर मोटरों पर ठाठ से दौड़े, मिलिट्री के आफिसर मोटरों पर ठाठ से दौड़े और एक सिटिजन तो आज तक शिमला में मोटर में नही जा सकता है । मै पहले चला गया था शिमला मे, तो टैक्सी को रोक दिया । मैने कहा : हुआ क्या । उसने कहा कि अग्रेज़ो के ज़माने से यहा किसी की मोटर नही जा सकती आपकी तो टैक्सी ही है यह कहां से जा सकेगी । इस तरह के शिमला के अन्दर मुगलियाना जमाने के वाइसरीगल जमाने के अफसरों के ठाठ बाट रह गये है । यह हमारे लिये जमहूरियत का इंसर्टिक्ट है कि वहां के लोग जीप गाड़ियों में नही निकल सकते है और ले० गवर्नर और मिलिट्री के बडे बड़े अफसर गाड़ियों में ठाठ बाट से निकलते है । वहां का चीफ मिनिस्टर चल चल कर के दम दस मील जाता है । ऐसे लोगों की प्रतिष्ठा का बढना जरूरी है और वह तभी बढ़ सकती है जब हिमाचल प्रदेश को स्टेटहुड का दर्जा मिले । इस हाउस के जरिये हम होम डिपार्टमेंट से कहते है कि जब हिमाचल प्रदेश के लोग इतनी तरक्की पर पहुंच गये है तो उसको स्टेटहुड दिया जाय । यह कह कर मै बैठ जाता हूं ।

श्री निरंजन वर्मा (मध्य प्रदेश) : आदरणीय उपाध्यक्ष जी, हमारे एक कांग्रेसी मित्र श्रीयुत सी०एल० वर्मा की ओर से यह संकल्प सदन में प्रस्तुत हुआ है । बहुत से काग्रेसी भाइयों ने इसका अनुमोदन किया है बहुत ही शक्ति के साथ और अपनी पूरी ताकत के साथ इसका अनुमोदन किया है । हम इस सदन में कई बार ऐसा देखते आये है कि जो बडे बड़े काग्रेसी व्यक्ति बड़े जोर-शोर के साथ किसी सकल्प का समर्थन करते है, जब मौका आता है हाथ उठाने का तो या तो वे खिसक जाते है या गवर्नमेंट के सामने, व्हिप के सामने नतमस्तक हो जाते है ।

श्री एम० एम० धारिया (महाराष्ट्र) : जो जनसंघ के लोग है जब जनसंघ का व्हिप आता है तो उसके खिलाफ वोटिग करते है ।

श्री निरंजन वर्मा : यह स्वाभाविक है कि हमारे मित्र धारिया जी जो अब कुछ दिनो से काग्रेस मे है उनको इस विषय पर बोलने का अवसर मिला, वे बोले और मै धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने अपनी मनोवैज्ञानिक दशा प्रगट कर दी ।

श्री डाह्याभाई व० पटेल : बोलते है एक तरफ, वोट देते है दूसरी तरफ ।

श्री निरंजन वर्मा : यह स्पष्ट है इस पर कोई टीका-टिप्पणी की जरूरत नही है ।

श्री नेकीराम (हरियाणा) : इसको छोडो, हिमाचल को सपोर्ट करो ।

श्री निरंजन वर्मा : हमने एक उदार भावना से कहा है, हमारे काग्रेमी भाइयो को क्षुब्ध नही होना चाहिए । हम उनके विषय मे क्या कल्पनाए रखते है । जिस भाव से वह किसी एक सकल्प का समर्थन या अनुमोदन करते है अन्तत उसी भावना से उसकी जिम्मेदारी के साथ उसको रहना चाहिए । यह जो आज सकल्प आया है हम समझते है कि इस सकल्प का किसी को विरोध करने की आवश्यकता नही है, बहुत अच्छा सकल्प है । अगर इसका किसी की तरफ मे कोई विरोध हुआ और काग्रेस की तरफ से, शासन की तरफ मे इसका विरोध हूआ तो 4-5 बाते मुख्यत कही जा सकती है । एक बात तो यह, कही जायगी कि बहुत छोटी रियासत बन जायगी बहुत छोटा राज्य रहेगा । दूसरी बात कहेगे कि बात यह है कि आबादी इसकी बहुत कम है, जनसख्या की दृष्टि से इतनी छोटी छोटी यूनिट्स नही बनानी चाहिए । तीसरी बात यह कहेगे कि इसमे स्वत आत्मनिर्भरता नही है, इसकी फाइनेशियल पोजीशन अच्छी नही है, इसलिए सम्भव है कि यह राज्य आगे जाकर न टिक सके । अगर ये तीन बाते छोड दे तो चौथा रामबाण छोडेगे कि बात यह है कि चीन और पाकिस्तान से जो आजकल लडाई हिन्दुस्तान को जूझनी पड रही है उस कारण हमको विशेष रूप से बार्डर स्टेट का ध्यान रखना पडता है । यह जब राज्य बन जायगा तो शायद अच्छी तरह से कार्य न कर सकेगा, इसलिए हमको इसे केन्द्र के सरक्षण मे रखना आवश्यक है । यह अमोघ अस्त्र वे देगे । अन्तत. इन चार बातो पर हमे विचार करना चाहिए । हम समझते है कि काग्रेसी बेंचेज मे भी विद्वान है और सब चीजो को समझते है, एक क्षण को भी हम यह मानने को तैयार नही है कि हमसे जो विरोध करते है उनकी सोचने की क्षमता कोई कम है या वे विचार नही करना चाहते । प्रश्न यह है कि कौन सी विशेष राष्ट्रीय महत्व की चीजे है और कौन सी राष्ट्रीय महत्व की वस्तुए नही है । इस दृष्टिकोण को हमे अपने सामने रखना चाहिए । अगर छोटे राज्य की कल्पना की जाय कि हिमाचल प्रदेश एक छोडा सा राज्य रहेगा तो हम आपके सामने ससार के बहुत से राज्यो का विवरण देना चाहेगे । यूनाइटेड स्टेटस आफ अमेरिका मे एक छोटा सा प्रान्त है, छोटा सा राज्य है और उस राज्य का नाम है डिस्ट्रिक्ट आफ कोलम्बिया । कितना बडा है ? 61 मील का है, 61 मील से अधिक नही है और उसकी पापुलेशन 8,02,178 है । इसी प्रकार एक और छोटा सा उनके यहा प्रान्त है और उसका नाम व्योमिग है । उसकी आबादी 2 लाख 90 हजार है । यह तो यूनाइटेड स्टेटस आफ अमेरिका की बात हो गई । अब कनाड की ओर चलिए । कनाडा मे एक छोटा सा राज्य है जिसको सम्पूर्ण अधिकार है जैसे कि हम हिमाचल के लिए मागते है, उसी प्रकार यह एक छोटा सा राज्य है, उसको पूरा अधिकार है, उसका नाम है प्रिन्स एडवर्ड आइलेड । वह आइलेड इसके पीछे लगा है तो बहुत से मित्रो को सम्भवत यह भ्रम हो सकता है कि यह दूर जाकर एक टुकडा होगा, इसलिए उसको सम्पूर्ण अधिकार देकर सुरक्षित रखने की दृष्टि से सत्ता-सम्पन्न कर दिया गया । यह बात नही है । उसकी आबादी 98,429 है । बहुत बडी जन सख्या नही है लेकिन उसको भी अधिकार दे रखे है । यह तो हुई छोटी छोटी रियायतो और राज्यो की बात, लेकिन अगर देश देखे तो हमारे सरीखे जो एशिया के और अफ्रीका के पिछड़े हुए देश है, वहा पर यह कहा जा सकता है कि छोटे छोटे देश हो सकते है, लेकिन योरोप के देशो मे और योरोप के पास लगे हुए देशो मे ऐसे ऐसे देश है जिनकी जनसख्या 11 लाख से ज्यादा नही है । अल्बानिया एक देश है, सम्पूर्ण प्रभु सत्ता सहित, उसकी फारेन पालिसी अलग है । उसकी सरकार की सारी योजनए अलग है और वह बहुत अच्छी तरह से अपने देश का प्रबध करता है । इसलिए यह बात किसी अश मे समुचित नही कही जा सकती ।

इन छोटे छोटे स्थानो को गिनाने के बाद बडे राज्यो की तरफ देखे । एक बडा राज्य

[श्री निरजन वर्मा]

संसार में रहता है जिसको सोवियत रूस कहते है। सोवियत रूस में भी इस प्रकार के छोटे छोटे राज्य है जहां पर एक प्रान्त को, एक छोटे राज्य को समस्त अधिकार वे देने के लिए तैयार है और दिए है—इतना बड़ा जैसी कि भारतवर्ष में एक रियासत हो सकती है। सोवियत रूस में किरगिस प्रान्त है। यह किरगिस प्रान्त हिन्दुस्तान से ऊपर की तरफ एक भाग है, ताशकन्द के पश्चिम की तरफ का एक हिस्सा। वहा की आवादी केवल 18 लाख है। तो इस परिणाम पर हम पहुंचते है कि हमारे कांग्रेसी मित्रों, जो शासनकी हां में हां मिलाने के लिए तैयार है और हमारा विश्वास है कि बहुत से मित्र मिला सकेंगे और शासन का यह कहना कि हिमाचल प्रदेश को यह अधिकार हम देने के लिए तैयार नही है तो हम नम्रता मे कहेंगे कि जो दो-तीन बाते आप कह रहे है ; वे अपने स्थान पर सही नही है।

इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश के इतिहास के ऊपर कुछ प्रकाश हमारे मित्रों ने डाला और कहा गया कि श्री जवाहरलाल नेहरु ने इसके विषय में आश्वासन दिया था और उनके पश्चात श्री गोपालस्वामी आयंगार ने भी इसके लिए आश्वासन दिया था। हम कहते है कि यह अपने तथ्य के समर्थन के लिए तो अच्छी बात हो सकती है लेकिन, श्रीमन्, जिसको बिल्कुल सूर्य समझते है उसके लिए किसी मणि को दिखाने की आवश्यकता नही है। इसलिए चाहे जवाहरलाल जी ने कुछ कहा हो, चाहे गोपालस्वामी आयंगार ने कुछ कहा हो, चाहे वर्तमान प्रधान मंत्री कुछ क्यों न कहें लेकिन यह बात आवश्यक है कि हिमाचल एक प्रदेश है और उसको राज्य की स्थिति अवश्य दी जानी चाहिए।

उस राज्य की स्थिति के लिए अब तीसरा पक्ष प्रस्तुत किया जाय। तीसरा पक्ष प्रस्तुत करते समय बहुत से मित्र यह कहेंगे कि यह सीमावर्ती राज्य है और सीमावर्ती राज्यों में केन्द्र का अधिक वर्चस्व होना चाहिए, अधिक प्रभुत्व होना चाहिए ताकि जब कभी कोई समस्या आ जाय तो वह वहां पर जाकर कार्य कर सके। हम ऐसे मित्रों का ध्यान दूसरे सीमावर्ती प्रदेशो की तरफ आकर्षित करते हैं। आप देखेंगे सीमावर्ती जो राज्य है, नागा प्रदेश है, हमारा बिहार है, बड़ा बंगाल है, उत्तर प्रदेश है, काश्मीर है और पंजाब का एक भाग है और राजपूताने का, राजस्थान का एक भाग है। हमने इनमें क्या क्या योजनाएं दी है। यह राज्यों की स्थिती में होते हुए भी जब हम इनको योजनाएं दे सकते है तो कोई कारण बताएं कि हिमाचल प्रदेश को एक राज्य की स्थिति देने के पश्चात भी वे योजनाएं वहां क्यों नहीं लागू की जा सकतीं? अवश्य लागू की जा सकती है। इसलिए उनका यह कहना निस्सार है कि हिमाचल प्रदेश को राज्य की स्थिति न देकर जैसे अभी लेफ्टीनेंट गवर्नर की स्टेट बना कर अनाथ की तरह छोड़ दिया गया है उसी स्थिति में रखना चाहिए।

हमारे मित्रों की तरफ से यह तर्क दिया गया और सुझाव दिया गया कि बाहर के आदमी वहा पर आकर लदते है। हम मध्य प्रदेश वालो से अच्छी जानकारी इस सम्बन्ध में शायद ही भारत के किसी सौभाग्यशाली प्रान्त को होगी। हमारा प्रान्त अनाथ प्रदेश है, जहां पर कलेक्टर से लेकर बड़े बड़े आदमी बाहर के प्रदेश से आए है। हमारे प्रदेश के आदमी बहुत कम है। हम समझते है कि वहां पर क्या स्थिति होती है। अगर कोई एक बडा अदामी पबलिक सर्विस कमिशन का बाहर से आ कर बैठ जाय तो अपने रिश्तेदारो को वहा पर भरता है, इसी तरह जो उद्योगधंदे है उसमें यह हाल होता है। हमारे यहा पर भिलाई और भोपाल हैवी इलेक्ट्रिकल्स के कारखाने है, बहुत बड़े बड़े कारखाने है लेकिन हमारी स्थिति यह है कि 717 इंजीनियरों में 127 इंजीनियर हमारे प्रदेश के है बाकी और बाहर के प्रदेशों के है यह स्थिति है।

श्री अर्जुन अरोड़ा (उत्तर प्रदेश) : बहुत ज्यादा है ।

श्री निरंजन वर्मा : खैर, हिन्दुस्थान हमारा एक देश है, मैं उस विवाद में नही पड़ना चाहता । यह कटु सत्य है । आज हिमाचल प्रदेश के व्यक्तियों को और उन मित्रो को जिन्होंने स्वराज्य के समय में अपना बलिदान किया है, त्याग किया है और एक राज्य को बनाने में जिन्होंने यत्न किया है उन मित्रों को इस बात पर बड़ा क्षोभ और दुख होगा कि उन लोगों को वह स्थिति नहीं दी गई जैसी कि दूसरे प्रान्तों को स्थिति दी गई है ।

श्रीमन्, हिमाचल प्रदेश की प्रगति के विषय में एक दो आंकड़े प्रस्तुत करना साधारणतया बहुत अच्छी बात होगी क्योंकि उससे एक सरसरी नज़र से, एक नजर से, देखा जा सकेगा कि वास्तव में हिमाचल प्रदेश ने कोई प्रगति की है या नही की है । [*Time bell rings*] मै बहुत जल्दी समाप्त करता हूं । वह आकड़े यह है । यह देखा जाय कि हिमाचल प्रदेश मे 1948 ई० मे क्या स्थिति थी और 1968 ई० मे उसकी क्या प्रगति हुई । रेवेन्यु उस समय 80 लाख के लगभग थी और अब 1 करोड 37 लाख के लगभग हो गई है, इसी प्रकार एरिया उस समय 10 हजार वर्ग मील का था और इस समय 22 हजार वर्ग मील का है, पापुलेशन उस समय 9 लाख 35 हजार की थी और इस समय वहा की जनसंख्या 30 लाख के करीब है, इत्यादि इत्यादि ।

लेकिन इसके साथ साथ एक बात मै अवश्य ही कहूंगा, हिमाचल प्रदेश के मित्रो से मै निवेदन करूंगा कि वह समानता का दर्जा लेने के लिये तैयार है और वह होना भी चाहिये लेकिन अभी पिछले दिनों मे हिमाचल प्रदेश के मित्रो की तरफ के एक फिल्म दिखाई गई थी जिसमे ससद के सदस्यों को तथा और लोगो को आमंत्रित किया गया था । उस पूरी फिल्म मे उस प्रदेश को गाने नाचने वालो का बताया गया था, किन्नरो का प्रदेश बताया गया, स्वर्ग सा प्रदेश बताया गया, कहा गया कि काश्मीर से अच्छा है, स्त्रियां, लड़किया नाच रही थीं, आदमी नाच रहे थे, किन्तु हमको बड़ा आनन्द होता अगर वह कहते कि हम राणा प्रताप के राजस्थान ऐसे प्रदेश से है, अगर वह कहते कि क्षेत्राणियां को तरह जौहार करने वाला हमारा देश है जहां कि 14 हजार स्त्रिया एक साथ चिता में जल सकती हैं, अगर कहते कि काश्मीर के मोर्चे पर हमारे आदमियों ने भाग लिया है । इससे मै समझता हू उनकी कीर्ति और ऊंची होती । और इस राज्य का दर्जा देने में किसी को आपत्ती न होती । [*Time bell rings*]

तो संक्षेप में हमारे योग्य मित्र के द्वारा जो प्रस्ताव रखा गया है उसका मै हृदय से अनुमोदन करता हूं और हम चाहते है कि निश्चित रूप से हमारे काग्रेसी मित्र हृदय से उसका पूरा पूरा समर्थन करें ।

MESSAGE FROM THE LOK SABHA

THE BORDER SECURITY FORCE BILL, 1968

SECRETARY : Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary of the Lok Sabha :

"In accordance with the provisions of Rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose herewith the Border Security Force Bill, 1968, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 24th July, 1968".

Sir, I lay the Bill on the Table.

RESOLUTION *RE* ACCORDING FULL STATEHOOD TO THE UNION TERRITORY OF HIMACHAL PRADESH—*contd.*

श्री शीलभद्र याजी (बिहार) : माननीय उपसभापति महोदय, मै तहेदिल से हिमाचल प्रदेश को जो इडियन यूनियन का एक राज्य बनाने का प्रस्ताव हमारे वर्मा जी ने रखा है उसका समर्थन करता हू । हमारी सरकार के पास कोई दलील नही है कि उसको राज्य